(24 अगस्त 2012)

जिला प्रशासन का गांव बुढाखेडा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. गांव आहूं के बाद कैथल खंड के गांव बुढाखेडा में जिला प्रशासन का अगला रात्रि ठहराव कार्यक्रम रहा।

2. प्रातः कालीन सत्र के बाद जिला प्रशासन के सभी अधिकारी उपायुक्त श्री चंद्रशेखर के नेतृत्व में बुढाखेडा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वरिष्ठ माध्यमिक विधालय में रात को ठहरे।

3. इंदिरा आवास योजना के तहत 3 परिवारों को 25000–25000 रूपए के पहली किश्त के चैक दिए गए।

4. इन्दिरा प्रियदर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत 5 परिवारों को 31000–31000 के चैक दिए गए।

5. उपायुक्त के संबोधन व ग्राम सभा की बैठक के दौरान ग्राम वासियों ने अनेक विकास कार्यों बारे निर्णय लिए।

6. ग्राम सभा की बैठक ग्रामीणों ने एकमत होकर प्रस्ताव पारित किया कि जिला प्रशासन द्वारा निशान देही करने के उपरांत वे अपने गांव से सभी अवैध कब्जे स्वैच्छा से हटा लेंगे।

7. ग्राम सभा में ग्रामीण महिलाओं की सशक्त भागीदारी से एक फैसला निकलकर आया कि अब गांव में कोई भी कन्या जन्म से पहले गर्भ में समाप्त नहीं की जाएगी और इस बुराई को समाप्त करने के लिए गांव के सभी पुरूष व महिलाएं एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे।

8. शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशु पालन, मछली पालन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 400 लोगों को उपचार व दवाईंया मुफ्त दी गई। कृषि विभाग ने कृषि संबंधित जानकारी के साथ–साथ पोर्टेबल बायोगैस प्लांट का प्रदर्शन भी किया गया तथा किसानों को इसका लाभ बताया गया।

9. आवेदन करने वाले 94 व्यक्तियों की जांच बुढापा सम्मान पैंशन योजना के लिए की गई।

10. कार्यक्रम के दौरान ही ग्राम वासियों ने फैसला करते हुए जल संरक्षण की शपथ ली गई तथा हाथ उठाकर यह घोषणा की कि वह अपने गांव में जल का व्यर्थ नही बहने देंगे।

11. पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत गांव के प्रवेश क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर 150 पौधे लगाए गए तथा इन पौधों की परवरिश की जिम्मेवारी भी ग्राम वासियों ने ली। इस दौरान अधिकारियों व स्कूली बच्चों ने अपने हाथों से पौधे लगाए।

12. बुढाखेडा गांव में जिला प्रशासन ने स्कूल के पास लगती खाली पडी एक हैक्टेयर जमीन पर 30 लाख रूपए की लागत से सुन्दर पार्क विकसित करने की मंजूरी दी।